शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय,रायगढ़ (छ.ग.)

(छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 द्वारा स्थापित राजकीय विश्वविद्यालय)

गढ़उमरिया, ओड़िशा रोड़, रायगढ़ (छत्तीसगढ़) 496001

ई–मेल– registrarsnpv@gmail.com , वेबसाईट- https://snpv.ac.in

क्रमांक /3604/ प्रशा. / 2022 रायगढ़ दिनांक 28.10.2022

–:: अधिसूचना ::–

1. विश्वविद्यालय की अधिसूचना क्रं. 3585 / प्रशा. / 2022 दिनांक 22.10.2022 के द्वारा विश्वविद्यालय के कुलगीत निर्धारण करने के संबंध में अपना अभिमत व सुझाव देने हेतु एक सलाहकार समिति का गठन किया गया।
2. सलाहकार समिति के द्वारा कुलगीत के संबंध में अपनी अनुशंसा प्रस्तुत की गई।
3. प्रथम कुलपति द्वारा, छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 की धारा 15A के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए समिति द्वारा अनुशंसित कुलगीत को अनुमोदित करने का निर्णय लिया गया।
4. संलग्न कुलगीत का गायन विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों के सभी औपचारिक आयोजनों में आवश्यक रूप से किया जायेगा। कुलगीत के गायन के दौरान सभी उपस्थित जन अपने स्थान पर खड़े होकर कुलगीत का सम्मान करेगें।

तद्नुसार अधिसूचित किया जाता है।

संलग्न :– उपरोक्तानुसार

आदेशानुसार

कुलसचिव (प्रभारी)

पृ.क्र 3605 / प्रशा. / 2022 रायगढ़, दिनांक 28.10.2022

प्रतिलिपिः–

1. राज्यपाल के सचिव, राजभवन रायपुर को सादर सूचनार्थ।
2. सचिव, छ.ग. शासन उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, नवा रायपुर को सादर सूचनार्थ।
3. आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग, नवा रायपुर को सादर सूचनार्थ।
4. सचिव, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग नई दिल्ली को सादर सूचनार्थ।
5. सचिव, विश्वविद्यालय संघ को सादर सूचनार्थ।
6. कुलपति के निज सचिव को माननीय कुलपति महोदय के सादर सूचनार्थ प्रेषित।
7. प्राचार्य समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय को सूचनार्थ।
8. कार्यालय प्रतिलिपि।

प्रभारी अधिकारी (प्रशासन)

शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय,रायगढ़ (छ.ग.)
(छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 द्वारा स्थापित राजकीय विश्वविद्यालय)
गढ़उमरिया, ओड़िशा रोड़, रायगढ़ (छत्तीसगढ़) 496001
ई–मेल– registrarsnpv@gmail.com , वेबसाईट- https://snpv.ac.in

कुलगीत

कीर्ति पताका कला संस्कृति और प्रज्ञा की फहराएँ।
शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय का यशगान सुनाएँ।।

शिवरीनारायण अष्टभुजी दमऊ चन्द्रपुर तीर्थ धाम है।
राम झरना कबरा पहाड़ सिंघनपुर दर्शनीय नाम है।।
नदिया माण्ड महानदी केलो और हंसदेव जहां लहराएँ।
शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय का यशगान सुनाएँ।।

लोहा कोसा कांस कोयला का है यह भंडार पुराना।
कलावंत महराज चक्रधर के संगीत साहित्य का खजाना।।
लक्ष्मण जगदीश कार्तिक कथक मृदंग की थाप लगाएँ।
शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय का यशगान सुनाएँ।।

कवि अनंत आनंद मुकुटधर पुरातत्व वेत्ता है लोचन।
नरेश चन्द्र छेदीलाल बिसाहूदास किशोरी मोहन।।
सेठ किरोड़ीमल जी के अवदान नगर की शान बढ़ाएँ।
शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय का यशगान सुनाएँ।।

———000———

इस कुलगीत के शब्द व संगीत रचयिता कलागुरू श्री वेदमणि सिंह ठाकुर, रायगढ़ है।

आदेशानुसार
28/10/2022
कुलसचिव (प्रभारी)

28/10/2022